**भारत सरकार**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. 411**

**21 अगस्त, 2025 को उत्तर दिये जाने के लिए**

## ग्वालियर में स्मार्ट सिटी परियोजना

***411. श्री भारत सिंह कुशवाहः**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) ग्वालियर में स्मार्ट सिटी परियोजना की वास्तविक एवं वित्तीय स्थिति तथा इस परियोजना की शुरुआत से लेकर अब तक पूर्ण किए गए कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) स्वीकृत परियोजनाओं के लिए समस्त शेष धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत निष्पादित कार्यों से प्राप्त आय के उपयोग हेतु किए गए प्रावधानों का ब्यौरा क्या है;

(घ) जिन कार्यों की समय-सीमा बढ़ाई गई है, क्या उनके पूरा होने की संभावना है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) शेष धनराशि का समायोजन किस प्रकार किए जाने की संभावना है तथा वैकल्पिक विकास कार्यों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आवासन और शहरी कार्य मंत्री**

**(श्री मनोहर लाल)**

(क) से (ङ): विवरण सभा के पटल पर रखा गया है।

**<u>विवरण</u>**

**ग्वालियर में स्मार्ट सिटी परियोजना के संबंध में 21 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 411* (11वां स्थान) के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) और (ख) राज्य द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, 31 जुलाई, 2025 तक स्मार्ट सिटी मिशन (एससीएम) के तहत ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा शुरू की गई 1,572 करोड़ रुपये की कुल 83 परियोजनाओं में से, 1,405 करोड़ रुपये की 80 परियोजनाएं (कुल परियोजनाओं का 96%) पूरी की जा चुकी हैं और 166 करोड़ रुपये की शेष 3 परियोजनाएं चल रही हैं।

ग्वालियर स्मार्ट सिटी, एससीएम के अंतर्गत 490 करोड़ रुपये की अपनी सम्पूर्ण आवंटित केन्द्रीय वित्तीय सहायता का दावा करने में सक्षम रही है, और सूचित किया गया है कि शहर द्वारा इसका उपयोग भी कर लिया गया है। परियोजना लागत सहित, ग्वालियर स्मार्ट सिटी में पूर्ण की जा चुकी और चल रही परियोजनाओं का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग) स्मार्ट सिटी मिशन के दिशानिर्देशों के अनुसार, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के तहत निष्पादित कार्यों से सृजित आय का उपयोग विशेष प्रयोजन वाहनों (एसपीवी) को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया जाएगा।

(घ) 31 मार्च, 2025 को स्मार्ट सिटी मिशन के वित्तीय समापन के बाद, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को 10 जून, 2025 को परामर्शिका संख्या 27 जारी की है, जिसमें विशेष प्रयोजन तंत्रों (एसपीवी) को यह सुनिश्चित करने की सलाह दी गई है कि एससीएम के तहत सभी चल रही परियोजनाएं दिसंबर, 2025 से पहले निर्धारित समयावधि के भीतर पूरी करनी होगी।

(ङ) ग्वालियर स्मार्ट सिटी द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, उपलब्ध निधियाँ स्मार्ट सिटी मिशन के तहत पूर्ण की जा चुकी और चल रही परियोजनाओं के लिए पहले ही आबंटित कर दी गई हैं। परियोजनाओं के पूरा होने के बाद, केंद्रीय वित्तीय सहायता की बचत, यदि कोई हुई, भारत की समेकित निधि में वापस कर दी जाएगी।

*****

अनुलग्नक

ग्वालियर में स्मार्ट सिटी परियोजना के संबंध में 21 अगस्त, 2025 को उत्तर दिए जाने वाले लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 411* के भाग (क) एवं (ख) का उत्तर

ग्वालियर स्मार्ट सिटी में पूर्ण की जा चुकी और चल रही परियोजनाओं की सूची

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राशि (करोड़ रुपये में) | उपलब्धियां |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्वालियर के लश्कर क्षेत्र (एबीडी) में व्यापक सीवरेज प्रणाली का निर्माण | 173.33 | कार्य पूर्ण |
| 2 | डीईडब्ल्यूएटीएस सहित अपशिष्ट जल प्रबंधन प्रणाली | 161.53 | कार्य पूर्ण |
| 3 | सार्वजनिक भवनों की छतों पर सौर पैनल | 119.20 | कार्य पूर्ण |
| 4 | भूमिगत विद्युत कार्य स्मार्ट रोड वाले, ब्यूटिफिकेशन और प्लेसमेकिंग कार्य और महाराज बाड़ा पैदल यात्रीकरण भाग परियोजना आईडी एमएडी-जीडब्ल्यूए-173 विकास कार्य | 112.84 | कार्य पूर्ण |
| 5 | वाणिज्यिक स्थान और लैंडस्केपिंग के साथ अंतरराज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) का निर्माण | 81.56 | कार्य पूर्ण |
| 6 | इन्टैलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम | 70.13 | कार्य पूर्ण |
| 7 | 24 X 7 जल आपूर्ति के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास | 69.67 | कार्य पूर्ण |
| 8 | शहरी गैस वितरण नेटवर्क | 49.32 | कार्य पूर्ण |
| 9 | ऊर्जा कुशल स्मार्ट एलईडी स्ट्रीट लाइट | 49.20 | कार्य पूर्ण |
| 10 | मोती महल में एकीकृत कमान नियंत्रण केंद्र | 40.57 | कार्य पूर्ण |
| 11 | संग्रहण और परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर | 30.89 | कार्य पूर्ण |
| 12 | शिक्षा नगर में स्कूल परिसर का निर्माण | 22.01 | कार्य पूर्ण |
| 13 | गोले का मंदिर से महाराजपुर (एयरपोर्ट टी पॉइंट) तक सर्विस रोड का निर्माण | 20.96 | कार्य पूर्ण |
| 14 | 200 बस स्टॉपों का निर्माण | 18.40 | कार्य पूर्ण |
| 15 | ग्वालियर में पाँच चयनित सरकारी संस्थागत, प्रशासनिक और ऐतिहासिक भवनों के लिए अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था का डिज़ाइन, आपूर्ति, स्थापना और रखरखाव | 16.57 | कार्य पूर्ण |
| 16 | विभिन्न सड़कों पर स्मार्ट वेफाइंडर और रियल टाइम स्वचालित डिजिटल डिस्प्ले यूनिट उपलब्ध कराना, स्थापित करना और लगाना | 16.00 | कार्य पूर्ण |
| 17 | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन | 15.87 | कार्य पूर्ण |
| 18 | महाराज बाड़ा में 33केवी गैस इंसुलेटेड स्विचबोर्ड आधारित पावर सब स्टेशन का डिजाइन, इंजीनियरिंग, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग | 15.82 | कार्य पूर्ण |
| 19 | क्लस्टर आधार पर अंतर और अंतःशहर बसों का संचालन | 13.21 | कार्य पूर्ण |
| 20 | भूविज्ञान संग्रहालय के रूप में विक्टोरिया मार्केट | 13.00 | कार्य पूर्ण |
| 21 | ग्वालियर में चार प्रवेश स्थानों पर चार द्वारों (गेटवे) का निर्माण | 12.41 | कार्य पूर्ण |
| 22 | फूल बाग से किला गेट चौराहे से हजीरा चौक तक सड़क का उन्नयन | 11.78 | कार्य पूर्ण |
| 23 | केंद्रीय पुस्तकालय, लश्कर का डिजिटल पुस्तकालय के रूप में संरक्षण और अनुकूलन उन्नयन | 11.09 | कार्य पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राशि (करोड़ रुपये में) | उपलब्धियां |
|---|---|---|---|
| 24 | डिजिटल/आभासी सांस्कृतिक विरासत संग्रहालय और तारामंडल के रूप में भारत स्काउट और गाइड का संरक्षण और अनुकूली पुन: उपयोग | 10.25 | कार्य पूर्ण |
| 25 | गांधी रोड सौंदर्यीकरण, गांधी रोड पर प्लेसमेकिंग का पुनर्विकास। | 10.00 | कार्य पूर्ण |
| 26 | गुड़ी गुड़ा का नाका से चिरवई का नाका तक सड़क का उन्नयन | 9.97 | कार्य पूर्ण |
| 27 | ग्वालियर, मध्य प्रदेश में तानसेन रोड होते हुए हजीरा से पड़ाव (प्लेटफॉर्म संख्या 4 के पास) तक निर्माण उन्नयन कार्य | 9.94 | कार्य पूर्ण |
| 28 | ग्वालियर में नए कलेक्ट्रेट रोड (कलेक्ट्रेट तिराहा से अलपुरा चौराहा) का उन्नयन | 9.94 | कार्य पूर्ण |
| 29 | ग्वालियर में कलेक्ट्रेट तिराहा से रेलवे ट्रैक तक सड़क का उन्नयन | 9.46 | कार्य पूर्ण |
| 30 | खेल के मैदानों का उन्नयन | 9.18 | कार्य पूर्ण |
| 31 | श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मॉडल और स्मार्ट स्कूल परिसर के रूप में शासकीय गोरखी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (गोरखी पैलेस परिसर) का संरक्षण, अनुकूलन उन्नयन और विकास | 9.03 | कार्य पूर्ण |
| 32 | बेहटा राजमार्ग (एनएच-44) से जडेरुआ बांध के बीच सड़क का उन्नयन | 9.00 | कार्य पूर्ण |
| 33 | हुजरात कोतवाली बाजार और मंडी का आधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकास | 8.70 | कार्य पूर्ण |
| 34 | स्मार्ट पार्किंग – चरण 1 | 7.80 | कार्य पूर्ण |
| 35 | ग्वालियर में विभिन्न संरचनाओं के लिए प्रकाश आपूर्ति, उनकी स्थापना, परीक्षण और प्रवर्तन तथा अग्रभाग प्रकाश व्यवस्था का संचालन और रखरखाव | 7.36 | कार्य पूर्ण |
| 36 | मोती महल एनेक्सी ऐतिहासिक भवन के संरक्षण और अनुकूली पुन: उपयोग के लिए आईसीसीसी के रूप में संरक्षण, रेट्रोफिटिंग, एमईपी और अन्य संबद्ध और विकास कार्य | 6.72 | कार्य पूर्ण |
| 37 | संगीत और ललित कला महाविद्यालयों का उन्नयन | 6.31 | कार्य पूर्ण |
| 38 | ग्वालियर, मध्य प्रदेश में डिजाइन, निर्माण, संचालन, रखरखाव और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर इन्टीग्रेटेड स्मार्ट वॉशरूम का विकास (चरण-II)। | 5.89 | कार्य पूर्ण |
| 39 | पुनर्भरण गड्ढों सहित वर्षा जल संचयन | 5.80 | कार्य पूर्ण |
| 40 | सार्वजनिक साइकिल साझाकरण प्रणाली की स्थापना और संचालन | 5.62 | कार्य पूर्ण |
| 41 | इन्टीग्रेटेड स्मार्ट वॉशरूम का विकास | 5.30 | कार्य पूर्ण |
| 42 | जीएससीडीसीएल के लिए विपणन और संचार एजेंसी | 5.15 | कार्य पूर्ण |
| 43 | जंक्शन सुधार और सौंदर्यीकरण | 5.00 | कार्य पूर्ण |
| 44 | नेहरू पार्क का उन्नयन | 4.59 | कार्य पूर्ण |
| 45 | कटोरा ताल राजपथ रोड ग्वालियर में म्यूज़िकल फाउंटेन का डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, संचालन, रखरखाव और स्थानांतरण | 4.23 | कार्य पूर्ण |
| 46 | नगर निगम संग्रहालय का डिजिटलीकरण | 4.00 | कार्य पूर्ण |
| 47 | मध्य प्रदेश के ग्वालियर में चंदेबदनी नाका से रेलवे रोड का उन्नयन | 3.95 | कार्य पूर्ण |
| 48 | गैंदेवाली सड़क रोड का उन्नयन | 3.94 | कार्य पूर्ण |
| 49 | ग्वालियर के नगर निगम विद्यालयों में स्मार्ट कक्षाओं का विकास, जिसमें आपूर्ति, स्थापना, प्रवर्तन, एकीकरण और रखरखाव शामिल है | 3.60 | कार्य पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राशि (करोड़ रुपये में) | उपलब्धियां |
|---|---|---|---|
| 50 | ग्वालियर, मध्य प्रदेश में कूड़ा ट्रांसफर स्टेशन का 2 (दो) वर्षों तक रखरखाव | 3.49 | कार्य पूर्ण |
| 51 | भारत स्काउट एवं गाइड (गोरखी पैलेस कॉम्प्लेक्स) में डिजिटल/वर्चुअल हेरिटेज म्यूज़ियम एवं तारामंडल के लिए शेष सिविल, आईटी, एचवीएसी एवं अग्निशमन कार्य | 3.43 | कार्य पूर्ण |
| 52 | महिला पार्क का उन्नयन | 3.35 | कार्य पूर्ण |
| 53 | ग्वालियर, मध्य प्रदेश में संचालन और रखरखाव के साथ ट्रक पर लगे सूखे और गीले कचरे के सक्शन मशीन की खरीद | 3.30 | कार्य पूर्ण |
| 54 | एमएलबी कॉलेज, ग्वालियर, मध्य प्रदेश के अग्रभाग का जीर्णोद्धार | 2.96 | कार्य पूर्ण |
| 55 | कटोरा ताल का पुनर्विकास | 2.92 | कार्य पूर्ण |
| 56 | महाराज बाड़ा की चयनित हेरिटेज बिल्डिंग के अग्रभाग सुधार के लिए सिविल संरक्षण कार्य | 2.38 | कार्य पूर्ण |
| 57 | स्टार्टअप्स के लिए इनक्यूबेशन सेंटर | 2.07 | कार्य पूर्ण |
| 58 | नागरिकों के लिए आईईसी अभियान | 2.00 | कार्य पूर्ण |
| 59 | तानसेन नगर रोड से रेसकोर्स रोड तक उन्नयन | 2.00 | कार्य पूर्ण |
| 60 | ग्वालियर स्मार्ट सिटी मिशन के तहत ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में जंक्शन सुधार एवं सौंदर्यीकरण | 2.00 | कार्य पूर्ण |
| 61 | ग्वालियर के फूलबाग स्थित चौपाटी में इन्फ्रास्ट्रक्चर का उन्नयन | 1.91 | कार्य पूर्ण |
| 62 | शिवाजी पार्क का उन्नयन | 1.32 | कार्य पूर्ण |
| 63 | सार्वजनिक स्थानों के सौंदर्यीकरण के लिए स्क्रैप/अपशिष्ट सामग्री से मूर्तिकला का डिजाइन, निर्माण और स्थापना | 1.09 | कार्य पूर्ण |
| 64 | एबीडी क्षेत्र में वर्षा जल संचयन के माध्यम से पुरानी बंद पड़ी बावड़ियों और कुओं का पुनरुद्धार | 0.89 | कार्य पूर्ण |
| 65 | क्षेत्रीय कला एवं शिल्प डिजाइन केंद्र, ग्वालियर की मशीन मरम्मत कार्य तथा संचालन एवं रखरखाव | 0.88 | कार्य पूर्ण |
| 66 | जीएससीडीसीएल के अंतर्गत निम्न और मध्यम वोल्टेज केबलों (33 केवी तक) के लिए वाहन पर लगे मॉड्यूलर दोष स्थान प्रणालियों के लिए आपूर्तिकर्ता का चयन | 0.81 | कार्य पूर्ण |
| 67 | महाराज बाड़ा में टाउन हॉल को रंगमंच और अन्य प्रदर्शन कलाओं के प्रदर्शन स्थल के रूप में पुनर्स्थापित करने के लिए शेष सिविल और आंतरिक कार्यों को पूरा करना। | 0.77 | कार्य पूर्ण |
| 68 | सेल्फी पॉइंट्स के डिज़ाइन, निर्माण, संचालन और रखरखाव | 0.64 | कार्य पूर्ण |
| 69 | जीएससीडीसीएल परियोजना विस्तार के लिए एक वर्ष के लिए विपणन एवं संचार एजेंसी | 0.62 | कार्य पूर्ण |
| 70 | क्षेत्रीय कला एवं शिल्प डिजाइन केंद्र में कौशल विकास केंद्र का नवीनीकरण और पुनरुद्धार | 0.56 | कार्य पूर्ण |
| 71 | ग्वालियर में स्मार्ट क्लास रूम परियोजना के लिए चिन्हित 37 कक्षाओं के सिविल और इंटीरियर कार्यों का कार्य पूरा किया जाना | 0.52 | कार्य पूर्ण |

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | राशि (करोड़ रुपये में) | उपलब्धियां |
|---|---|---|---|
| 72 | सम्मेलन कक्ष की स्थापना के लिए सेवा प्रदाता का चयन | 0.38 | कार्य पूर्ण |
| 73 | वर्षा जल संचयन पुनर्भरण गड्ढों का निर्माण | 0.24 | कार्य पूर्ण |
| 74 | वन सिटी वन ऐप | 0.23 | कार्य पूर्ण |
| 75 | ग्वालियर में पेड़ों का स्थानांतरण | 0.20 | कार्य पूर्ण |
| 76 | महाराज बाड़ा में एक पुराने जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण कार्यालय भवन का संरक्षण और अनुकूलनीय पुन: उपयोग करके उसे पर्यटक सूचना केंद्र (टीआईसी) में परिवर्तित करना। | 0.18 | कार्य पूर्ण |
| 77 | महाराज बाड़ा, ग्वालियर में संग्रहालयों का उन्नयन | 11.74 | कार्य पूर्ण |
| 78 | मध्य प्रदेश के ग्वालियर में थीम पार्क का विकास। | 11.65 | कार्य पूर्ण |
| 79 | 2 कूड़ा ट्रांसफर स्टेशनों का निर्माण, साथ ही लोडिंग मैकेनिज्म सहित ट्रांसफर स्टेशन स्टैटिक कॉम्पैक्टर्स, 20 घन मीटर के डिटैचेबल कंटेनर, वाहनों के साथ हुक लोडर और वेब्रिज की आपूर्ति, स्थापना और प्रवर्तन। | 10.50 | कार्य पूर्ण |
| 80 | बाड़ा ग्वालियर स्थित पुराने नगर निगम कार्यालय की रेट्रोफिटिंग और अनुकूली पुन: उपयोग | 4.54 | कार्य पूर्ण |
| 81 | महाराज बाड़ा भाग परियोजना एमएडी-जीडब्ल्यूए-145 में बहुस्तरीय कार पार्किंग का निर्माण | 100.00 | निर्माणाधीन |
| 82 | ऑडिटोरियम (800 क्षमता) और ठहरने की सुविधाओं सहित मल्टीपर्पस हॉल [गालव गेस्ट हाउस का पुनर्विकास] | 56.34 | निर्माणाधीन |
| 83 | नगर निगम संग्रहालय का उन्नयन | 10 | निर्माणाधीन |
| | कुल | 1,572.00 | |

*31 जुलाई, 2025 तक राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार।*

******